# QUESTION BOOKLET

## प्रश्न-पुस्तिका

**A**

**Series**

Sr. No.

Roll No. (in Figures) रोल नं. (अंकों में) : ____________________

Roll No. (in Words) रोल नं. (शब्दों में) : ____________________

**समय : 2 घण्टे** — **छंटनी परीक्षा** — **अधिकतम अंक : 200**

**Time : 2 Hours** — **Screening Test** — **Maximum Marks : 200**

**PLEASE READ THIS PAGE CAREFULLY.**

**Note :** Candidate should remove the sticker seal and open this Booklet **ONLY** after announcement by centre superintendent and should thereafter check and ensure that this Booklet contains all the **16 pages** and tally with the same Code No. given at top of first page & the bottom of each & every page. If you find any defect, variation, torn or unprinted page, please have it replaced at once before you start answering.

**IMPORTANT INSTRUCTIONS :**

1. The Answer sheet of a candidate who does not write his Roll No., or writes an incorrect Roll No. on the title page of the Booklet and in the space provided on the Answer sheet will neither be evaluated nor his result declared.
2. The paper contains **200** questions.
3. Attempt all questions as there will be no Negative Marking.
4. The questions are of objective type. Here is an example. Question : 8 Taj Mahal was built by_____
   (A) Sher Shah (B) Aurangzeb
   (C) Akbar (D) Shah Jahan
   The correct answer of this question is Shah Jahan. You will therefore darken the circle with ink pen below column (D) as shown below :
   A B C D
   Q.8 ○ ○ ○ ●
5. Each question has only one correct answer. If you give more than one answer, it will be considered wrong and it will not be evaluated. **Changing, cutting, overwriting and erasing of an answer will be treated as wrong answer.**
6. The space for rough work wherever provided may be utilized by the candidate. You are not to use any portion of the Answer Sheet for rough work.
7. Do not mutilate this booklet in any manner. Serious damage/mutilation may entail disqualification.
8. Do not leave your seat until the Answer Sheets have been collected at the close of the examination.
9. Candidate will not leave the examination room till stipulated time is over and only after he has handed over the Answer Sheet to the staff on duty.

**कृपया इस पृष्ठ को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।**

**नोट** : प्रत्याशी केवल केन्द्र संचालक द्वारा घोषणा पर ही स्टीकर सील हटा कर इस पुस्तिका को खोलें और जाँच कर लें और सुनिश्चित कर लें कि इसमें **16 पृष्ठ** हैं और सभी पृष्ठों के नीचे दिये गये कोड नम्बर पहले पृष्ठ पर सबसे ऊपर दिये गये कोड नम्बर से मिला लें । यदि कोई त्रुटि पायें तो उत्तर देने से पहले तुरन्त इसे बदल लें ।

**महत्त्वपूर्ण निर्देश :**

1. जो प्रत्याशी अपनी पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ एवं उत्तर पुस्तिका में निर्दिष्ट स्थान पर अपना रोल नं. नहीं लिखेगा या गलत लिखेगा उसकी उत्तर पुस्तिका की न तो जाँच की जायेगी और न ही उसका परीक्षा परिणाम घोषित किया जायेगा ।
2. प्रश्न पुस्तिका में **200** प्रश्न हैं ।
3. सभी प्रश्न हल करें क्योंकि नकारात्मक अंकन नहीं होगा ।
4. प्रश्न उद्देश्य पूरक है । उदाहरण के तौर पर
   प्रश्न : 8 ताज महल का निर्माण ______ ने करवाया था ।
   (A) शेरशाह (B) औरंगजेब
   (C) अकबर (D) शाहजहाँ
   इस प्रश्न का सही उत्तर है शाहजहाँ । इसलिये आप उत्तर पुस्तिका के कॉलम (D) के नीचे प्रश्न 8 के सामने दिये गये खाली वृत्त को स्याही वाले पेन से पूरा भर देंगे, जैसा कि नीचे दर्शाया गया है ।
   A B C D
   Q.8 ○ ○ ○ ●
5. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक सही उत्तर है । यदि आप एक से अधिक उत्तर देंगे, तो यह गलत समझा जायेगा और उसका मूल्यांकन नहीं किया जायेगा ।
   **(बदलने, काटने, दोबारा लिखने या मिटाने से उत्तर को गलत समझा जायेगा)**
6. जहाँ कहीं भी जगह दी गई हो उसे ही रफ कार्य के लिये प्रयोग करें । आपको उत्तर पुस्तिका के किसी भी भाग को रफ कार्य के लिये उपयोग नहीं करना है ।
7. किसी भी तरह से पुस्तिका को खराब न करें । गम्भीर रूप से नष्ट/खराब पुस्तिका के कारण आपको अयोग्य घोषित किया जा सकता है ।
8. अपने स्थान को तब तक न छोड़ें जब तक उत्तर-पुस्तिका को परीक्षा समाप्त होने पर इकट्ठा नहीं कर लिया जाता ।
9. प्रत्याशी तब तक परीक्षा हॉल नहीं छोड़ेगा या बाहर नहीं जायेगा जब तक कि परीक्षा समय समाप्त नहीं हो जाता और वह अपनी उत्तर-पुस्तिका परीक्षा में तैनात स्टॉफ को नहीं दे देता ।



https://snowstudy.in

Space For Rough Work / कच्चे कार्य के लिए स्थान

Snow Study Himachal 569 Post Code
https://snowstudy.in

# QUESTION BOOKLET

This question paper contains **200** questions. / इस प्रश्न पत्र में **200** प्रश्न हैं ।
**All** questions are compulsory. / **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।
One question carries **one** mark only. / एक प्रश्न के लिए केवल एक **अंक** है ।

Total Marks : **200** अधिकतम अंक : **200**

Time : **2** Hours समय : **2** घण्टे

**1.** हिन्दी के प्रारम्भिक युग को 'आदिकाल' नाम किसने दिया ?
(A) रामचन्द्र शुक्ल (B) ग्रियर्सन
(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी (D) गणपति चन्द्र गुप्त

**2.** आदिकाल को 'वीरगाथा काल' नाम किसने दिया ?
(A) ग्रियर्सन (B) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(C) रामचन्द्र शुक्ल (D) डॉ. शिवकुमार शर्मा

**3.** मीरा के गुरु कौन थे ?
(A) कबीर साहब (B) गुरु नानक
(C) मलूकदास (D) संतशिरोमणि रविदास

**4.** 'पद्मावत' किसकी रचना है ?
(A) बिहारी (B) केशवदास (C) जायसी (D) सूरदास

**5.** 'मधुमालती' के रचनाकार कौन हैं ?
(A) कुतुबन (B) मंझन (C) तुलसीदास (D) इनमें से कोई नहीं

**6.** 'भँवरगीत' के लेखक कौन हैं ?
(A) सूरदास (B) चतुर्भुजदास (C) नन्ददास (D) छीतस्वामी

**7.** सूरदास की भक्ति किस प्रकार की है ?
(A) ज्ञान मार्गीय (B) पुष्टि मार्गीय (C) प्रेम मार्गीय (D) इनमें से कोई नहीं

**8.** 'प्रेम वाटिका' किसकी रचना है ?
(A) रसखान (B) चिन्तामणि (C) मतिराम (D) कुलपति मिश्र

**9.** घनानंद किस धारा के कवि हैं ?
(A) रीतिसिद्ध (B) रीतिबद्ध (C) रीतिमुक्त (D) इनमें से कोई नहीं

**10.** 'रामकृष्ण मिशन' की स्थापना किसने की ?
(A) राजा राममोहन राय (B) विवेकानन्द
(C) केशवचन्द्र सेन (D) इनमें से कोई नहीं

**11.** भारतेन्दु द्वारा सम्पादित मासिक पत्रिका कौन सी है ?
(A) कविवचन सुधा (B) योजना
(C) पलप्रतिपल (D) इनमें से कोई नहीं

**12.** 'भाग्यवती' उपन्यास के रचयिता कौन हैं ?
(A) श्रीधर पाठक (B) मैथिलीशरण गुप्त
(C) जयशंकर प्रसाद (D) श्रद्धाराम फुल्लौरी



https://snowstudy.in

13. 'भारत भारती' खण्डकाव्य के रचयिता कौन हैं ?
(A) प्रसाद (B) गुप्त (C) पंत (D) निराला

14. 'ग्यारह वर्ष का समय' कहानी के लेखक कौन हैं ?
(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी (B) इन्द्रनाथ मदान
(C) डॉ. लक्ष्मीनारायण शर्मा (D) रामचन्द्र शुक्ल

15. 'उसने कहा था' कहानी के रचनाकार कौन हैं ?
(A) यशपाल (B) प्रेमचन्द
(C) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी (D) किशोरी लाल गोस्वामी

16. 'झाँसी की रानी' किसकी लिखी कविता है ?
(A) महादेवी वर्मा (B) महाश्वेता देवी
(C) सुभद्रा कुमारी चौहान (D) जयशंकर प्रसाद

17. जयशंकर प्रसाद का जन्म कौन से घराने में हुआ ?
(A) संघानी साहूकार (B) सुंघनी साहु
(C) संथाल घराना (D) इनमें से कोई नहीं

18. 'कुकुरमुत्ता' के रचनाकार कौन हैं ?
(A) प्रसाद (B) पंत (C) निराला (D) महादेवी

19. 'मधुशाला' किसकी रचना है ?
(A) प्रेमचन्द (B) प्रसाद (C) पंत (D) हरिवंशराय बच्चन

20. 'गोदान' के उपन्यासकार कौन हैं ?
(A) जयशंकर प्रसाद (B) प्रेमचन्द
(C) श्यामसुन्दर दास (D) इनमें से कोई नहीं

21. 'चाँद का मुँह टेढ़ा है' – के रचयिता का नाम क्या है ?
(A) निराला (B) मुक्तिबोध (C) पंत (D) दुष्यन्त कुमार

22. 'तोड़ती पत्थर' कविता के कवि कौन हैं ?
(A) प्रसाद (B) पंत (C) निराला (D) महादेवी वर्मा

23. 'फणीश्वरनाथ रेणु' कौन सी श्रेणी में आते हैं ?
(A) राष्ट्रीय उपन्यासकार (B) प्रादेशिक उपन्यासकार
(C) आंचलिक उपन्यासकार (D) इनमें से कोई नहीं

24. 'धर्मवीर भारती' कौन सी पत्रिका के सम्पादक रहे हैं ?
(A) धर्मयुग (B) सरस्वती (C) कविवचन सुधा (D) सरिता

25. इनमें से उपन्यास सम्राट कौन से हैं ?
(A) यशपाल शर्मा (B) मुंशी प्रेमचन्द
(C) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (D) जयशंकर प्रसाद

26. अधोलिखित में से नाटक सम्राट किसे कहा जाता है ?
(A) प्रसाद (B) देवकीनन्दन खत्री
(C) गोपालराम गहमरी (D) इनमें से कोई नहीं



https://snowstudy.in

27. पश्चिमी हिन्दी की उपभाषा कौन सी है ?
(A) अवधी (B) खड़ीबोली (C) जयपुरी (D) मध्य पहाड़ी

28. पूर्वी हिन्दी की उपभाषा कौन सी है ?
(A) अवधी (B) बाँगरू (C) मेवाड़ी (D) कुमाउँनी

29. निम्नलिखित में से कौन सा अंग व्याकरण का है ?
(A) मुहावरा (B) शब्द (C) लोकोक्ति (D) इनमें से कोई नहीं

30. निम्नलिखित में से अन्तस्थ व्यंजन कौन सा है ?
(A) ग (B) च (C) म (D) य

31. निम्नलिखित में से स्पर्श व्यंजन कौन सा है ?
(A) ऋ (B) प (C) र (D) व

32. निम्नलिखित में से कौन सा महाप्राण है ?
(A) श (B) द (C) र (D) च

33. क, ख, ग, घ, ङ कौन सा वर्ग है ?
(A) प वर्ग (B) च वर्ग (C) क वर्ग (D) ट वर्ग

34. निम्नलिखित में से संयुक्त व्यंजन कौन सा है ?
(A) ग (B) क्ष (C) ट (D) ड

निर्देश : प्रश्न **35** से **39** तक शुद्ध शब्द चुनिए :

35. (A) आभ्यास (B) अभियास (C) अभ्यास (D) आभ्भ्यास

36. (A) पारमात्मा (B) परिमात्मा (C) परमात्मा (D) पारंमात्मा

37. (A) घन्टा (B) घण्टा (C) घान्टा (D) इनमें से कोई नहीं

38. (A) रड़भूमि (B) रण्भूमि (C) राणभूमि (D) रणभूमि

39. (A) निष्ठा (B) निषठा (C) निंष्ठा (D) निष्टा

निर्देश : प्रश्न **40** से **44** तक संधि कीजिए :

40. देव + आलय =
(A) दीवालय (B) दैवालय (C) देवालय (D) देवलाय

41. सूर्य + उदय =
(A) सूर्यादय (B) सुर्यीदय (C) सीर्यादय (D) सूर्योदय

42. मृत + मय =
(A) मृण्मय (B) म्रनमय (C) म्रिण्मय (D) मरणमय

43. वि + अतीत =
(A) व्यातीत (B) व्यतीत (C) वयातीत (D) व्यति

44. अनु + एषण =
(A) अनोषण (B) अनूषण (C) अन्वेषण (D) इनमें से कोई नहीं


https://snowstudy.in

निर्देश : **45** से **47** तक कौन सा शब्द तद्भव है ?

**45.** कुठार का =
(A) कुलहड़ (B) कोहलड़ (C) कुल्हाड़ी (D) इनमें से कोई नहीं

**46.** मुष्टिका =
(A) मोठ (B) मुट्ठी (C) मीठी (D) मूसिका

**47.** तुरंग =
(A) तरंग (B) तोरग (C) घोड़ा (D) तीरंग

निर्देश : **48** से **50** तक उचित लिंग कौन सा है ?

**48.** ठाकुर =
(A) ठोकर (B) ठाकुराइन (C) ठकुराइन (D) ठाकरिन

**49.** ननद =
(A) ननदोई (B) नानूदेई (C) नीनूदाई (D) इनमें से कोई नहीं

**50.** बालिका =
(A) बाकल (B) बालक (C) बेकल (D) बालका

**51.** 'आजीवन' कौन सा समास है ?
(A) तत्पुरुष समास (B) द्वन्द्व समास (C) बहुव्रीहि समास (D) अव्ययीभाव

**52.** 'पीताम्बर' कौन सा समास है ?
(A) बहुव्रीहि (B) द्वन्द्व समास (C) तत्पुरुष (D) अव्ययीभाव

निर्देश : **53** से **55** तक भाववाचक संज्ञाएँ चुनिए :

**53.** कुमार =
(A) कामार्य (B) कौमार्य (C) कीमर्य (D) क्रमार्य

**54.** शूर =
(A) शूर्या (B) शैर्य (C) शौर्य (D) शार्य

**55.** सुहृद =
(A) सरिहद (B) सौहार्द्र (C) सरिहर्द (D) सुहिर्द

**56.** 'अनुचर' में कौन सा उपसर्ग है ?
(A) अनु (B) अ (C) अन (D) अना

**57.** 'परोपकार' में कौन सा उपसर्ग है ?
(A) पुर (B) पार (C) पर (D) परि

**58.** 'कृपा' में कौन सा प्रत्यय है ?
(A) आ (B) अ (C) अन (D) इनमें से कोई नहीं

**59.** 'विलास' में कौन सा प्रत्यय है ?
(A) अ (B) आ (C) वि (D) आस

**60.** विराम चिह्न बताइए :
" " =
(A) अल्पविराम (B) पूर्णविराम (C) उद्धरण (D) अर्द्धविराम



https://snowstudy.in

61. :- =
(A) प्रश्नवाचक (B) योजक (C) विवरण (D) इनमें से कोई नहीं

62. 'कामायनी' कौन सी रचना है ?
(A) खण्डकाव्य (B) महाकाव्य (C) चम्पू (D) इनमें से कोई नहीं

63. 'जयद्रथ वध' कौन सी रचना है ?
(A) महाकाव्य (B) खण्डकाव्य (C) मुक्तक (D) इनमें से कोई नहीं

64. 'प्रथम तारसप्तक' का प्रकाशन कब हुआ ?
(A) 1953 (B) 1973 (C) 1980 (D) 1943

65. मुक्तिबोध की किस रचना पर मध्यप्रदेश सरकार ने प्रतिबंध लगा दिया था ?
(A) चाँद का मुँह टेढ़ा (B) भूरि-भूरि खाक धूल
(C) भारत : इतिहास और संस्कृति (D) काठ का सपना

66. केदारनाथ सिंह को किस रचना पर साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला ?
(A) कुदाल (B) बाघ (C) बनता हुआ घर (D) अकाल में सारस

67. सृजनात्मक कार्य के लिए भारत सरकार ने लीलाधर जगूड़ी को किस उपाधि से अलंकृत किया है ?
(A) पद्मश्री (B) पद्म विभूषण (C) भारत रत्न (D) इनमें से कोई नहीं

68. 'निराला' के कारण कौन सा छन्द अधिक लोकप्रिय बना ?
(A) सोरठा (B) रोला (C) मुक्त (D) दोहे

69. 'पीपर पात सरिस मन डोला' में कौन सा अलंकार है ?
(A) वक्रोक्ति (B) रूपक (C) उपमा (D) यमक

70. 'हिन्दी की चिन्दी निकालना' का सही अर्थ है
(A) अधिक छानबीन करना (B)
(C) दोष निकालना (D) इनमें से कोई नहीं

71. हिन्दी किस परिवार की भाषा है ?
(A) सामी (B) भारोपीय (C) तूरानी (D) पापुई

72. विद्यापति कृत कीर्तिलता की भाषा है
(A) भोजपुरी (B) डिंगल (C) मगही (D) अवहट्ट

73. देवनागरी लिपि में सुधारों का आरम्भिक प्रयत्न किसने किया ?
(A) राहुल सांकृत्यायन (B) सुनीतिकुमार चटर्जी
(C) बाल गंगाधर तिलक (D) गोविन्द रानाडे

74. हिन्दी का पहला समाचारपत्र है
(A) बंगदूत (B) उदंत मार्त्तण्ड (C) लोक मित्र (D) प्रजाहितैषी

75. बिहारी किस राजा के दरबारी कवि थे ?
(A) राजा जयसिंह (B) राजा मानसिंह (C) राजा बिहारीमल (D) राणा उदयसिंह

76. कबीर का शाब्दिक अर्थ क्या है ?
(A) बुनकर (B) जुलाहा (C) महान (D) साधू



https://snowstudy.in

77. कबीर ने किस भाषा का प्रयोग किया ?
(A) अवधी (B) मिश्रित खिचड़ी (C) ब्रज (D) मैथिली

78. राज भाषा का सही अर्थ है
(A) किसी राज्य विशेष की भाषा (B) सर्वसाधारण की भाषा
(C) शुद्ध साहित्यिक भाषा (D) सरकारी कार्यालयों में प्रयुक्त होने वाली भाषा

79. वर्णों, शब्दों, वाक्यों का क्या रूप और क्या प्रयोग है इन तत्त्वों का निरीक्षण करके जो शास्त्र किसी भाषा के नियम निर्धारित करता है उसे कहते हैं
(A) भाषा–विज्ञान (B) ध्वनि–विज्ञान (C) लिपि (D) व्याकरण

80. निम्नलिखित शब्दों में से कौन सा शब्द पुल्लिंग है ?
(A) दया (B) घटना (C) जड़ता (D) बुढ़ापा

81. 'आपका पत्र मिला' वाक्य में कौन सा कारक है ?
(A) सम्प्रदान कारक (B) अपादान कारक (C) सम्बन्ध कारक (D) अधिकरण कारक

82. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द बहुवचन में प्रयुक्त होता है ?
(A) प्राण (B) शिशु (C) भक्ति (D) पुस्तक

83. वर्तमान काल के कितने भेद हैं ?
(A) तीन (B) चार (C) दो (D) पाँच

84. य, र, ल, व किस प्रकार के व्यंजन हैं ?
(A) अनुनासिक (B) अंतस्थ (C) ऊष्म (D) स्पर्श

85. इनमें से कौन सा शब्द पर्यायवाची नहीं है ?
(A) पावक (B) अनिल (C) अनल (D) आग

86. यायावर का विलोम शब्द है
(A) पथिक (B) स्थिर (C) पर्यटक (D) भिखारी

87. 'रात्रि में विचरण करने वाला' के लिए एक शब्द है
(A) चोर (B) डाकू (C) लुटेरा (D) निशाचर

88. 'जो सदा साथ रहने वाला हो' के लिए एक शब्द है
(A) सनातन (B) सहयोगी (C) घनिष्ठ (D) आत्मिक

निर्देश : प्रश्न **89** से **91** तक उपयुक्त विकल्प का चयन करें :

89. पलक पाँवड़े बिछाना
(A) आराम के लिए बिस्तर बिछाना । (B) किसी के मार्ग में अवरोध उत्पन्न करना ।
(C) स्वार्थ वश मित्रता करना । (D) आदर से स्वागत करना ।

90. हाथ पाँव फूलना
(A) बीमार होना (B) कमज़ोर होना (C) भयभीत होना (D) हाथ पाँव सूजना

91. ठन–ठन गोपाल
(A) बना ठना युवक (B) खोखला (C) धनवान (D) शक्तिशाली



https://snowstudy.in

निर्देश : प्रश्न **92** व **93** में सही विकल्प का चयन करें :

**92.** आशा है मुझे पुरस्कार मिलेगा
(A) मिश्र वाक्य (B) सरल वाक्य (C) संयुक्त वाक्य (D) उपर्युक्त सभी

**93.** आपका पथ प्रशस्त हो
(A) इच्छावाचक (B) आज्ञावाचक (C) विधिवाचक (D) विस्मयवाचक

**94.** सही वाक्य का चयन करें :
(A) शब्द केवल मात्र संकेत है ।
(B) शब्द तो संकेत ही है ।
(C) शब्द केवल संकेत है ।
(D) उपर्युक्त सभी

**95.** सही वाक्य का चयन करें :
(A) जीवन और साहित्य का घोर सम्बन्ध है ।
(B) जीवन और साहित्य का अपार सम्बन्ध है ।
(C) जीवन और साहित्य का घनिष्ठ सम्बन्ध है ।
(D) जीवन और साहित्य का गम्भीर सम्बन्ध है ।

**96.** 'वाक्यं रसात्मक काव्यं:' कथन किसका है ?
(A) विश्वनाथ (B) मम्मट (C) भरत (D) धनंजय

**97.** वत्सल रस का स्थायी भाव है
(A) वात्सल्य (B) हास (C) उत्साह (D) विस्मय

**98.** स्थायी भावों की संख्या है
(A) सात (B) आठ (C) नौ (D) दस

**99.** निम्न में से कौन सा रसाचार्य नहीं है ?
(A) केशव (B) विश्वनाथ (C) नागार्जुन (D) मम्मट

**100.** छंद के प्रवाह को कहते हैं
(A) क्रम (B) गण (C) यति (D) गति

**101.** किस छंद में छः चरण होते हैं ?
(A) बरवै (B) चौपाई (C) सोरठा (D) छप्पय

**102.** रोला के प्रत्येक चरण में कितनी मात्राएँ होती हैं ?
(A) 11 (B) 21 (C) 24 (D) 34

**103.** भूषण बिन न बिराजई कविता वनिता मित्त: कथन किसका है ?
(A) केशव (B) बिहारी (C) रहीम (D) जायसी

निर्देश : प्रश्न **104** से **105** तक सही अलंकार का चयन करें :

**104.** चरण कमल बंदौ हरि राई
(A) परम्परित रूपक (B) सांग रूपक (C) निरंग रूपक (D) न्यून रूपक

**105.** लोक में फैला सूयालोक
(A) अनुप्रास (B) पुनरुक्ति (C) श्लेष (D) यमक

**106.** तुलसीदास द्वारा रचित विनयपत्रिका की भाषा क्या है ?
(A) ब्रज (B) अवधी (C) खड़ीबोली (D) संस्कृत



https://snowstudy.in

**107.** कबीर को वाणी का डिक्टेटर किसने कहा ?
(A) आचार्य शुक्ल (B) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(C) महावीर प्रसाद द्विवेदी (D) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

**108.** केवल तीन कहानियाँ लिखकर प्रसिद्ध होने वाले हिमाचली कथा लेखक थे
(A) यशपाल (B) पियुष गुलेरी
(C) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी (D) भीष्म साहनी

**109.** 'वैदिक हिंसा–हिंसा न भवति' किस विधा की रचना है ?
(A) नाटक (B) काव्य (C) कहानी (D) निबन्ध

**110.** निम्नलिखित में से कौन सा सूफी कवि नहीं है ?
(A) कुतुबन (B) जायसी (C) अमीर खुसरो (D) अमीर हसन

**111.** प्रकृति के सुकुमार कवि की संज्ञा किस कवि को दी गई है ?
(A) सुमित्रानन्दन पंत (B) महादेवी वर्मा (C) अज्ञेय (D) मुक्तिबोध

**112.** तारसप्तक की स्थापना किसने की ?
(A) महादेवी वर्मा (B) सर्वेश्वर दयाल (C) दिनकर (D) अज्ञेय

**113.** इनमें से किस कवि का सम्बन्ध छायावाद से नहीं है ?
(A) दिनकर (B) निराला (C) पंत (D) महादेवी

**114.** बिहारी सतसई में कितने दोहे हैं ?
(A) 713 (B) 719 (C) 721 (D) 700

**115.** पंत को किस रचना पर ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला ?
(A) वीणा (B) स्वर्ण किरण (C) चिदम्बरा (D) कला और बूढ़ा चाँद

**116.** किस कवि का बचपन का नाम रामबोला था ?
(A) तुलसीदास (B) चिन्तामणी (C) कबीर (D) रहीम

**117.** 'कामायनी' महाकाव्य के लेखक कौन हैं ?
(A) अज्ञेय (B) पंत (C) प्रसाद (D) महादेवी

**118.** हिन्दी खड़ीबोली का प्रथम महाकाव्य किसे माना जाता है ?
(A) रामचरित मानस (B) साकेत (C) गुरुकुल (D) वैदेही वनवास

**119.** संस्कृति के चार अध्याय किस विधा की रचना है ?
(A) नाटक (B) कहानी (C) निबन्ध (D) काव्य

**120.** सिद्धों की संख्या कितनी मानी जाती है ?
(A) 84 (B) 14 (C) 24 (D) 4

**121.** आचार्य शुक्ल के अनुसार भक्ति काल की समय सीमा है
(A) 1000 से 1500 ई. (B) 1300 से 1700 ई.
(C) 1100 से 1800 ई. (D) 1050 से 1375 ई.

**122.** कबीर किसके शिष्य थे ?
(A) रामानन्द (B) शेखतकी (C) वल्लभाचार्य (D) माधवाचार्य



https://snowstudy.in

123. जायसी द्वारा अक्षर क्रम में लिखी रचना है
(A) पद्मावत (B) अखरावट (C) मधुमालती (D) इनमें से कोई नहीं

124. अष्टछाप की स्थापना किसने की ?
(A) वल्लभाचार्य (B) नामादास (C) विट्ठलनाथ (D) सूरदास

125. निम्नलिखित में से कौन सा एक व्यंग्य लेखक है ?
(A) हरिशंकर परसाई (B) राहुल सांकृत्यायन
(C) विद्यानिवास मिश्र (D) श्यामसुन्दर दास

126. 'मृत्यु की इच्छा रखने वाले' के लिए एक शब्द कौन सा है ?
(A) मुमूर्षा (B) मूमुर्षा (C) मूमूर्षा (D) मरणेच्छा

127. इनमें से किस कवि का सम्बन्ध द्विवेदी युग से है ?
(A) निराला (B) दिनकर (C) मैथिलीशरण गुप्त (D) अज्ञेय

128. 'शेखर एक जीवनी' किस विधा की रचना है ?
(A) उपन्यास (B) निबन्ध (C) कहानी (D) संस्मरण

129. वात्सल्य रस के सम्राट किस कवि को कहा जाता है ?
(A) तुलसीदास (B) कबीरदास (C) बिहारी (D) सूरदास

130. भारतेन्दु को भारतेन्दु की उपाधि किसने दी ?
(A) आचार्य द्विवेदी (B) आचार्य शुक्ल
(C) समकालीन लेखकों (D) इनमें से कोई नहीं

131. 1903 में सरस्वती पत्रिका के सम्पादक कौन बने ?
(A) मैथिलीशरण गुप्त (B) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(C) महावीर प्रसाद द्विवेदी (D) निराला

132. 'पहाड़ बेगाने नहीं होंगे' पुस्तक किसने लिखी है ?
(A) रंजौर सिंह (B) शान्ता कुमार
(C) यशवन्त सिंह परमार (D) एल.सी. प्रार्थी

133. 'प्राचीन हिमालय' पुस्तक के लेखक कौन है ?
(A) ओ.सी. हाण्डा (B) डॉ.एस. शशि
(C) एम.एस. रन्धावा (D) एल.पी. पाण्डेय

134. 'ललित काव्यम्' के रचयिता कौन थे ?
(A) राजा पद्मचन्द (B) कन्हैयालाल शर्मा
(C) गणेश सिंह बेदी (D) टीकाराम जोशी

135. 'पहाड़ी बोलियों का व्याकरण तथा शब्दकोश' पुस्तक किसने लिखी है ?
(A) टीकाराम जोशी (B) नरेन्द्र नाथ
(C) डॉ. पद्मचन्द (D) डॉ. यशवन्त सिंह परमार

136. निम्नलिखित में से कौन हिमाचल प्रदेश से सम्बन्धित एक प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता थे ?
(A) ए.के. हंगल (B) निर्मल वर्मा
(C) सत्यानन्द स्टोक्स (D) मनोहर सिंह

137. पहाड़ी गाँधी बाबा कांशीराम का जन्म स्थान है
(A) दारा सीबा (B) जंगपुरा (C) रामपुरा (D) मंडी

138. शिमला जिले में 'नाइन होल गोल्फ' का मैदान कहाँ है ?
(A) नारकंडा (B) नालदेरा (C) मशोबरा (D) कुफरी


https://snowstudy.in

**139.** 'किन्नर' का क्या अर्थ है ?
(A) सुन्दर लोग
(B) देवता
(C) अश्वमुख वाले लोग
(D) कैलाश पर्वत पर रहने वाले लोग

**140.** हिमाचल की कौन सी भाषा प्राचीन काल में 'टांकरी' लिपि में लिखी जाती थी ?
(A) चम्बयाली (B) लाहौली (C) कहलूरी (D) किन्नौरी

**141.** वैदिक संस्कृति की संज्ञा निम्नलिखित में से किस कालखण्ड को दी जाती है ?
(A) 2500 ई.पू. से 600 ई.पू.
(B) 2500 ई.पू. से 1750 ई.पू.
(C) 1500 ई.पू. से 600 ई.पू.
(D) इनमें से कोई नहीं

**142.** कुल वेदांक कितने हैं ?
(A) 4 (B) 5 (C) 6 (D) 18

**143.** भगवान विष्णु के 10 अवतारों का उल्लेख निम्नलिखित में से किस पुराण में है ?
(A) मत्स्य पुराण (B) नारद पुराण (C) विष्णु पुराण (D) वामन पुराण

**144.** 'महाभारत' की रचना किसने की थी ?
(A) वाल्मीकि (B) महर्षि व्यास (C) तुलसीदास (D) सूरदास

**145.** 'अंगुतर निकाय' किस धर्म से सम्बन्धित ग्रन्थ है ?
(A) हिन्दू ग्रन्थ
(B) बौद्ध ग्रन्थ
(C) जैन ग्रन्थ
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**146.** जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर कौन थे ?
(A) ऋषभदेव
(B) महावीर स्वामी
(C) पार्श्वनाथ
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**147.** तृतीय बौद्ध सभा/संगीति किसके शासनकाल में आयोजित की गई थी ?
(A) कालाशोक (B) अजातशत्रु (C) कनिष्क (D) अशोक

**148.** चीनी यात्री 'फाह्यान' किसके शासनकाल में भारत आए थे ?
(A) समुद्रगुप्त (B) चन्द्रगुप्त द्वितीय (C) हर्षवर्द्धन (D) अशोक

**149.** सती प्रथा का सर्वप्रथम प्रमाण भारत में कब मिला ?
(A) 510 ई. (B) 710 ई. (C) 1590 ई. (D) 1820 ई.

**150.** नागानन्द, रत्नावली और प्रियदर्शिका नामक नाटकों की रचना किसने की थी ?
(A) चन्द बरदाई (B) मीरा बाई (C) चन्द्रगुप्त द्वितीय (D) हर्षवर्द्धन

**151.** राष्ट्रकूट वंश की स्थापना किसने की थी ?
(A) दन्तिदुर्ग (B) पुलकेशिन द्वितीय (C) सिंहविष्णु (D) गोपाल

**152.** चन्देल वंश की राजधानी कहाँ थी ?
(A) खजुराहो (B) कन्नौज (C) बंगाल (D) मुंगेर

**153.** तराइन का प्रथम युद्ध कब हुआ था ?
(A) 1190 ई. (B) 1191 ई. (C) 1192 ई. (D) 1193 ई.

**154.** अपने विरोधियों की समाप्ति के लिए किस शासक ने 'लौह एवं रक्त' की नीति अपनाई थी ?
(A) इल्तुतमिश
(B) बलबन
(C) मुहम्मद-बिन-तुगलक
(D) इब्राहिम लोदी

**155.** महाराष्ट्र में भक्ति आन्दोलन के प्रमुख संत कौन थे ?
(A) चैतन्य (B) रामानुज (C) रामानन्द (D) नामदेव



https://snowstudy.in

**156.** कबीर की शिक्षाएँ किसमें संगृहीत हैं ?
(A) बीजक
(B) प्रियदर्शिका
(C) पद्मावत
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**157.** मेहरून्निसा किसका वास्तविक नाम था ?
(A) मुमताज बेगम
(B) नूरजहाँ
(C) शाह बेगम
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**158.** गुरुमुखी लिपि के जनक कौन थे ?
(A) गुरु नानक (B) गुरु अंगद (C) गुरु अर्जुन देव (D) गुरु गोविन्द सिंह

**159.** 'प्रेस का मुक्तिदाता' कौन सा गवर्नर जनरल कहलाता है ?
(A) वारेन हेस्टिंग्स
(B) लॉर्ड वेलेजली
(C) सर चार्ल्स मेटकॉफ
(D) लॉर्ड डलहौजी

**160.** महात्मा गांधी ने साबरमती आश्रम की स्थापना कब की थी ?
(A) 1910 ई. (B) 1912 ई. (C) 1916 ई. (D) 1920 ई.

**161.** 'सांझ का तारा' किसे कहते हैं ?
(A) मंगल (B) चन्द्रमा (C) बुध (D) शुक्र

**162.** पृथ्वी की मानक समय रेखा किस रेखा को कहा जाता है ?
(A) 0° देशान्तर रेखा
(B) मकर रेखा
(C) कर्क रेखा
(D) भूमध्य रेखा

**163.** गल्फ स्ट्रीम किस महासागर से संबंधित है ?
(A) प्रशान्त महासागर
(B) हिन्द महासागर
(C) अटलाण्टिक महासागर
(D) आर्कटिक महासागर

**164.** विश्व की सबसे लम्बी नदी कौन सी है ?
(A) नील (B) अमेजन (C) कांगो (D) मीकांग

**165.** 'सूर्योदय का देश' कौन सा देश कहलाता है ?
(A) नॉर्वे (B) जापान (C) सिंगापुर (D) थाइलैण्ड

**166.** लन्दन किस नदी के किनारे पर स्थित है ?
(A) डेन्युब (B) हडसन (C) टाइबर (D) टेम्स

**167.** भारत की किस देश के साथ सबसे बड़ी अन्तर्राष्ट्रीय सीमा है ?
(A) पाकिस्तान (B) नेपाल (C) चीन (D) बांग्लादेश

**168.** गुलाबी क्रान्ति किससे सम्बन्धित है ?
(A) खाद्यान्न उत्पादन
(B) फल उत्पादन
(C) मत्स्य उत्पादन
(D) झींगा मछली उत्पादन

**169.** पन्ना (मध्य प्रदेश) में मुख्यतः कौन सा खनिज मिलता है ?
(A) कोयला (B) ताँबा (C) हीरा (D) सोना

**170.** इरुला जनजाति किस राज्य से सम्बन्धित है ?
(A) तमिलनाडु (B) हिमाचल प्रदेश (C) आन्ध्र प्रदेश (D) अरुणाचल प्रदेश

**171.** 'भारत का मैनचेस्टर' किसे कहते हैं ?
(A) मुम्बई (B) अजमेर (C) अहमदाबाद (D) बंगलुरु


https://snowstudy.in

**172.** गैण्डा परियोजना भारत में किस वर्ष में प्रारम्भ की गई थी ?
(A) 1972 (B) 1975 (C) 1987 (D) 1992

**173.** ग्रीन पीस नामक संगठन का मुख्यालय कहाँ स्थित है ?
(A) लन्दन (B) जेनेवा (C) न्यूयार्क (D) एमस्टर्डम

**174.** गिर राष्ट्रीय उद्यान किस वन्य प्राणी के लिए प्रसिद्ध है ?
(A) एशियाई शेर (B) गैण्डा (C) हाथी (D) लाल पाण्डा

**175.** भारतीय संविधान की किस अनुसूची में केन्द्र और राज्यों के बीच शक्तियों के बँटवारे के बारे में वर्णन दिया गया है ?
(A) पाँचवीं (B) छठी (C) सातवीं (D) आठवीं

**176.** भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत नागरिकों के लिए 'एकसमान नागरिक संहिता'/ का उल्लेख है ?
(A) अनुच्छेद 40 (B) अनुच्छेद 44 (C) अनुच्छेद 45 (D) अनुच्छेद 51

**177.** राज्य सभा का पदेन सभापति कौन होता है ?
(A) राष्ट्रपति (B) उपराष्ट्रपति
(C) प्रधानमन्त्री (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**178.** निम्नलिखित में से कौन सी संस्था संवैधानिक नहीं है ?
(A) वित्त आयोग (B) संघ लोक सेवा आयोग
(C) निर्वाचन आयोग (D) नीति आयोग

**179.** 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना कब प्रारम्भ हुई ?
(A) 2007 (B) 2011 (C) 2015 (D) 2016

**180.** कृषि आय पर कर किससे सम्बन्धित है ?
(A) केन्द्र सरकार (B) राज्य सरकार
(C) स्थानीय निकाय (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**181.** गेहूँ कौन सी फसल है ?
(A) रबी (B) खरीफ
(C) जायद (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**182.** 'वर्मीकल्चर' किससे सम्बन्धित है ?
(A) मत्स्य पालन (B) केंचुआ पालन
(C) अँगूर की कृषि (D) मधुमक्खी पालन

**183.** 'बेकिंग सोडा' का रासायनिक नाम क्या है ?
(A) सोडियम बाइकार्बोनेट (B) कॉपर सल्फेट
(C) सोडियम क्लोराइड (D) सोडियम हाइड्रॉक्साइड

**184.** कॉपर और जिंक से मिलकर कौन सी मिश्रधातु बनती है ?
(A) सोल्डर (B) काँसा (C) पीतल (D) गन मेटल

**185.** मानव शरीर की सबसे छोटी अस्थि का नाम क्या है ?
(A) फीमर (B) सारटोरियस (C) स्टेपीज (D) इनमें से कोई नहीं



https://snowstudy.in

**186.** 'महिमा पुस्तकालय' कहाँ है ?
(A) नाहन (B) सोलन (C) चम्बा (D) शिमला

**187.** जनगणना 2011 के अनुसार हिमाचल प्रदेश का जनसंख्या घनत्व कितना है ?
(A) 123 (B) 109 (C) 115 (D) 121

**188.** हिमाचल प्रदेश के प्रथम लोकायुक्त कौन थे ?
(A) न्यायाधीश टी.वी.आर. तताचारी (B) न्यायाधीश आर.वी. मिश्रा
(C) न्यायाधीश ओम प्रकाश (D) न्यायाधीश भवानी सिंह

**189.** निम्न में से माघी त्योहार किसे कहते हैं ?
(A) हाल्दा (B) फुल्लेच (C) लोहड़ी (D) खेपा

**190.** रिवालसर झील कहाँ है ?
(A) मंडी (B) कुल्लू (C) सिरमौर (D) चम्बा

**191.** लवी मेला कहाँ मनाया जाता है ?
(A) मंडी (B) कुल्लू (C) रामपुर (D) करसोग

**192.** शुलिनी मन्दिर कहाँ है ?
(A) सोलन (B) शिमला (C) कांगड़ा (D) मंडी

**193.** भूरी सिंह संग्रहालय कहाँ है ?
(A) शिमला (B) चम्बा (C) मण्डी (D) कुल्लू

**194.** 'शरद पवार' को 2017 में कौन सा नागरिक सम्मान मिला ?
(A) भारत रत्न (B) पद्म भूषण (C) पद्म विभूषण (D) पद्म श्री

**195.** 2016 का ज्ञानपीठ पुरस्कार किसे मिला ?
(A) शंख घोष (B) रघुवीर चौधरी (C) केदारनाथ सिंह (D) अमर कांत

**196.** Our examination commences ________ Monday next.
(A) from (B) on
(C) at (D) no preposition is needed

**197.** Entry ________ this auditorium is ________ ticket.
(A) into, by (B) into, through (C) in, through (D) to, by

**198.** I was delighted ________ your success.
(A) at (B) to (C) in (D) on

**199.** Which one of the following is a correct sentence ?
(A) Ram sing a song. (B) Ram sings a song.
(C) Ram sung a song. (D) Ram sings song.

**200.** One word substitution for "Possessing unlimited powers" is
(A) Omniscient (B) Omnipresent
(C) Omnicompetent (D) Omnipotent


https://snowstudy.in

**Space For Rough Work / कच्चे कार्य के लिए स्थान**



https://snowstudy.in